# मौसम होगा और सुहाना, जब छतरी गाएगी गाना

बारिश के मौसम में छाता जरूरी चीज बन जाता है। बाजार में भी छाते की कई वरायटी मौजूद हैं। इनमें पैदल चलने से लेकर बाइक और कार में इस्तेमाल करने वाले छाते शामिल हैं। कई छाते तो इतने हाईटेक हैं जो बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे। एक नजर ऐसे ही कुछ छातों पर:



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**7 टेक ब्लूटूथ स्पीकर कॉम्पैक्ट अंब्रेला :** इस छाते के हैंडल में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी वाला स्पीकर दिया है।

इसे फोन से कनेक्ट करके बारिश में घूमने का मजा लिया जा सकता है। वॉल्यूम को कंट्रोल करने के लिए बटन दिए हैं। वहीं, गाने भी हैंडल से ही चेंज किए जा सकते हैं। इसमें माइक्रो एसडी कार्ड लगाकर भी म्यूजिक का मजा लिया जा सकता है।

**न्यूब्रेला हैंडफ्री अंब्रेला:** न्यूब्रेला ब्रैंड का ये हैंडफ्री छाता बेहद स्टाइलिश है। इसे बैग की तरह पहना जाता है। फिर इसमें दी गई छतरी को सिर के ऊपर खोल लिया जाता है। टू-वीलर ड्राइविंग के दौरान भी इसे पहना जा सकता है।

**कैंडी सेल्फी रॉड ब्लूटूथ अंब्रेला:** इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी है। जो स्टिक दी गई है उसे सेल्फी स्टिक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें क्लिप दी गई है जिसमें फोन को फिक्स करके फोटो खींच सकते हैं। छाते के अंदर 3डी प्रिंट वाला फ्लोरल डिजाइन दिया है, जिससे ऐसा लगता है कि एक बड़ा सा फूल छाते में फंसा है।

**फिशिंग कैप अंब्रेला:** इस तरह के छाते का इस्तेमाल धूप से बचने के लिए किया जाता है, क्योंकि इसका साइज छोटा होता है। ऐसे में ये बारिश से पूरी तरह नहीं बचा सकता। इनकी खास बात है कि ये सिर में फिक्स हो जाते हैं। जिससे दोनों हाथ फ्री रहते हैं।

**9 फुट लंबा छाता :** ये छाता 9 फुट लंबा है। इसका लंबा हैंडल फोल्डेबल है। साथ ही, इसे अलग-अलग डायरेक्शन के हिसाब से घुमाया भी जा सकता है। यानी बारिश हवा के साथ तिरछी आ रही है, तब आप छतरी की पोजिशन बदल सकते हैं। वैसे, धूप में भी ये आपको पूरा प्रटेक्शन देता है। यह इतना बड़ा है कि 5 से 6 लोग इसमें आसानी से छिप सकते हैं। छाते में 24 एलईडी लाइट्स हैं, जो इसे खास बनाती हैं। ये लाइट्स छाता में चारों तरफ लगी हुई हैं।

# अनानास का पीएं जूस, घर पर बनाएं ऐसे



अनानास ऐसा फल है, जो खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, उसके फायदे भी उतने ही होते हैं। आप अनानास का जूस पिएं या उसे खाएं, यह हर तरह से शरीर को फायदा पहुंचाता है। इस फल में पौष्टिक तत्वों की भरमार है। खाने में रसीला और सेहत से भरपूर अनानास अपने आप में गुणों का खजाना है। वैसे तो गर्मी के मौसम में कई तरह के जूस पीए जाते हैं इन्हीं जूसों में से एक है अनानास का जूस, जिसे पीने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। आज हम आपको अनानास के ज्यूस बनाने के बारे बता रहे है।

अनानास जूस बनाने के लिए सामग्री...

1 बड़ा अनानास, ताजा खरीदा हुआ, बिना दाग वाला।

2 टी स्पून (1० ग्राम) शक्कर।

अनानास जूस ऐसे बनाएं...

1. सबसे पहले अनानास के ऊपरी भाग से पत्तों वाला भाग काटिए, उसके बाद बाजू से छिलके निकालिए।

2. गुठली को छोडक़र अनानास को छोटे छोटे टुकड़ों में काटिए। लगभग चीनी के क्यूब के आकार के टुकड़े काटें।

3. अनानास के छोटे टुकड़ों को ब्लेंडर/जूसर में डालें।

4. दो टीस्पून शक्कर मिलाएं। यह चरण वैकल्पिक है परंतु थोड़ी सी मिठास से अनानास का खट्टापन थोडा कम हो जाता है।

5. लगभग 1-3 मिनिट तक मिलाएं। मिलाने का समय इस बात पर निर्भर करता है कि इसे कितना गाढ़ा बनाना चाहते हैं।

6. मिश्रित अनानास के रस को गिलास में डालें। इससे पहले कि गिलास भरकर बहने लगे, गिलास को भरना रोके। सर्व करें (परोसे) और आनंद उठाएं।



# दिया मिर्जा ने बताई संजू की शूटिंग के दौरान की परेशानियां

दिया मिर्जा को बॉलिवुड की सबसे खूबसूरत ऐक्ट्रेस में एक माना जाता है। हालांकि दिया अब सीमित फिल्मों में ही काम करती हैं लेकिन वह बॉलिवुड में लगातार ऐक्टिव हैं। पिछली बार दिया रणबीर कपूर के साथ फिल्म संजू में दिखाई दी थीं। संजय दत्त की इस बायॉपिक में उन्होंने मान्यता दत्त का किरदार निभाया था।

इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान दिया मिर्जा ने शूटिंग के दौरान के कई एक्सपीरियंस भी बताए थे। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने अपनी एक खास परेशानी भी बताई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि जब वह शूटिंग किया करती थीं तो हर वक्त मान्यता की तरह मुस्कुराते रहना बहुत मुश्किल होता था। दिया ने आगे कहा कि जब वह मुस्कुराती हैं तो उनके दांत दिखाई देते हैं जबकि मान्यता की मुस्कुराहट में कभी भी उनके दांत नहीं दिखते। उन्होंने कहा कि बिना दांत दिखाए मुस्कुराना उनके लिए बहुत कठिन था। बता दें कि राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी संजू साल 2०18 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी। इस फिल्म में संजय दत्त की जिंदगी के सभी छिपे पहलुओं को दिखाया गया था। फिल्म में रणबीर कपूर के काम की भी काफी तारीफ हुई थी।

## करण जौहर की फिल्म में काम करेंगे शाहिद कपूर

बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर ,करण जौहर की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। शाहिद कपूर की फिल्म 'कबीर सिंह' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। 'कबीर सिंह' बॉक्स ऑफिस पर 1०० करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है।

हाल में शाहिद ने कहा था कि उनके पास कोई फिल्म नहीं है, लेकिन कबीर सिंह की सफलता के बाद शाहिद के पास कई फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं। चर्चा है कि शाहिद कपूर एक और साउथ रीमेक में काम करेंगे। कहा जा रहा है कि करण जौहर ने तेलुगू एक्टर नानी की हालिया रिलीज जर्सी के हिंदी रीमेक राइट्स खरीद लिए हैं। इस रीमेक के लिए करण जौहर शाहिद कपूर को लेने की प्लानिंग कर रहे हैं। करण जौहर मूवी को प्रोड्यूस करेंगे। हालांकि अभी फिल्म की कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। जर्सी को गौतम तिन्नानुरी ने डायरेक्ट किया था। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में नानी ने एक क्रिकेटर का रोल प्ले किया था। फिल्म में इमोशनल एंगल भी दिखाया गया था। जर्सी इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। मूवी को क्रिटिक्स और पब्लिक का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।